

12 आसमान में जैसे तारे

स्वयं अपने विचार रखें।)

लिखिए

1. मिलान करके कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—



समझिए व्याकरण संबोध

1. कविता से समान तुकवाले शब्द छाँटकर लिखिए—

उपहार	—	···त्योहार···
न्यारे	—	···तारे···
बधाई	—	···मिठाई···
चलाएँ	—	···फैलाएँ···

2. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखिए—

उपहार	—	···भेंट···
त्योहार	—	···पर्व···
दीप	—	···दीपक···
आसमान	—	···आकाश···
अंधकार	—	···अँधेरा···
संदेश	—	···खबर···

3. वर्ण-विच्छेद कीजिए—

सुंदर	—	¨स्¨ + ¨उ¨ + ¨न्¨ + ¨द्¨ + ¨अ¨ + ¨र्¨ + ¨अ¨
त्योहार	—	¨त्¨ + ¨य्¨ + ¨ओ¨ + ¨ह्¨ + ¨आ¨ + ¨र्¨ + ¨अ¨
अंधकार	—	¨अ¨ + ¨न्¨ + ¨ध्¨ + ¨अ¨ + ¨क्¨ + ¨आ¨ + ¨र्¨ + ¨अ¨
वातावरण	—	¨व्¨ + ¨आ¨ + ¨त्¨ + ¨आ¨ + ¨व्¨ + ¨अ¨ + ¨र्¨ + ¨अ¨ + ¨ण्¨ + ¨अ¨

January

पाठ - 12 आसमान में जैसे तारे

कविता की पठन क्रिया करवाना

श्रुतलेखन शब्द

1	सुंदर	7)	आदर
2	उपहार	8)	दूषित
3.	दीप	9)	नूतन
4.	अंधकार	10)	संदेश
5	वातावरण	11)	संसार
6	त्योहार	12)	जाग्रत

शब्दार्थ

1. उपहार - तोहफ़ा
2. दीप - दीपक
3. न्यारा - सबसे अलग
4. लड़ी - पंक्ति, गुच्छा
5. भेद - अंतर
6. बधाई - मुबारकबाद
7. दूषित - बुरा
8. जाग्रत - जागरूक
9. नूतन - नया

PAGE NO.
DATE

कुछ शब्दों में

प्र०1 दीपों का त्योहार क्या लेकर आया है?

उत्तर दीपों का त्योहार हँसी-खुशी लेकर आया है।

प्र०2 कवि ने सुंदर उपहार किसे कहा है?

उत्तर कवि ने सुंदर उपहार दीपावली को कहा है।

प्र०3 बल्बों की लड़ियाँ कैसी लग रही हैं?

उत्तर बल्बों की लड़ियाँ आसमान में तारों के जैसी लग रही है।

प्र०4 कवि कैसा आधार चाहता है?

उत्तर कवि आदर-भाव का आधार चाहता है।

कुछ वाक्यों में

प्र०1 दीवाली पर कैसे अंधकार को मिटाने की बात कही गई है?

उत्तर दीवाली पर ऊँच-नीच के भेद का अंधकार मिटाने की बात कही गई है।

प्र०2 दीवाली पर सब मिलजुलकर क्या करते है?

उत्तर दीवाली पर सब मिल-जुलकर हँसी-मज़ाक करते हैं और आपस में मिठाई बाँटते हैं।

PAGE No.
DATE

प्र० 3 कविता में कौन-सा संदेश फैलाने को कहा है?

उत्तर कविता में पर्यावरण दूषित न करने का संदेश फैलाने को कहा है। बारूद- पटाखों का धुआँ प्रदूषण करता है। अतः इन्हें न चलाने का संदेश दिया है।